# मासिक रिपोर्ट

अंक :162 सितम्बर 2015

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित प्रकाशन का चौदहवां वर्ष

सेवा में

स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष


- सितम्बर 2015 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 11
- उदयपुर का तापमान सितम्बर माह में : अधिकतम 39° सेल्सियस, न्यूनतम 23 °सेल्सियस रहा।
- सितम्बर माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान, तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग–

- **छात्रवृति – श्री महेन्द्र मुन्दडा 5000 रु. श्री एल.एल.चण्डालिया 1000 रु., डॉ.एन.के.भार्गव 1000, श्री आर.के.भार्गव 1000, श्री कपिलदेव 1000**
- **न्यायाधिश कांता भटनागर अवार्ड हेतु 5000 रु. श्रीमती ज्योति भटनागर**
- **अवार्ड एवं छात्रवृति (विनियोग) घणोली विद्यालय के लिए डॉ. के.बी.शर्मा 10000 रु.**
- **घणोली के दसवीं के प्रथम बैच के छात्रों को पुरस्कार हेतु प्रो. सुशीला अग्रवाल 4000 रु.**
- **इंजी. कॉलेज की छात्रा सुश्री गजाला को फीस जमा कराने हेतु सहयोग इंजी.इब्राहिम अली जी 10000 रू.**
- **सामान्य चंदा – श्रीमती ज्योति भटनागर 5000**
- **वार्षिक सहयोग – श्रीमती रेणु भण्डारी 1,000/–रू.**
- **नवीन सदस्यता सहयोग – कुमारी प्रचिती अविनाश भटनागर 11000 रु.**

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

लोकविज्ञान : में .................

**डॉ. डी.एस. कोठरी विज्ञान चेतना अभियान**

प्रतिवर्ष डॉ. यशवन्त कोठारी चेरिटेबल पब्लिक ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित और विज्ञान समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक का आयोजन 14 सितम्बर को हुआ। जिसमें डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. यशवन्त कोठारी, श्री प्रकाश तातेड़, श्रीमती रेणु भंडारी, डॉ. महीप भटनागर, डॉ. के.पी. तलेसरा, डॉ. के.एल. तोतावत, डॉ. के.एल मेनारिया, प्रो. जे.एन. कविराज ने भाग लिया। इसके अंतर्गत चार प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु नियम, प्रविधि, पुरस्कार आदि बिन्दुओं पर चर्चा की। तदुपरान्त सूचना पत्र बनाकर 42 चयनित विद्यालयों में भेजा गया। डॉ. डी.एस. कोठारी जीवन–वृत प्रश्नोतरी के लिए प्रश्न पत्र, उत्तर पत्र एवं उत्तर तालिका का निर्माण कार्य हुआ। यह सभी कार्य श्री प्रकाश तातेड़ द्वारा संपादित हुए। विद्यालयों से संपर्क कर साहित्य प्रदान कर परीक्षण तिथि का निर्धारण किया गया। विद्यालय वार इस प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर तक करना अपेक्षित है। अन्य तीन प्रतियोगिताओं का आयोजन 15 अक्टूबर को विज्ञान समिति परिसर में प्रातः 10 बजे से निर्धारित है।

## महिला सशक्तीकरण

***नवाचार महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 10 सितम्बर को आयोजित हुई। 22 महिलाएं उपस्थित थीं। श्रीमती स्नेहलता साबला ने वास्तुशास्त्र पर चर्चा की। प्रारम्भ में मंगलाचरण हुआ। इस कार्यक्रम में समिति के कुद पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए।

***वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :*** इस प्रकोशठ की मासिक बैठक 21 सितम्बर को आयोजित हुई। बैठक में 48 महिलाएं उपस्थित हुई । यह बैठक रोटरी क्लब एलीट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। मुख्य कार्यक्रम मेडिटेशन एवं सेल्फ हिलिग पर था। जिस पर जानकारी श्रीमती स्वीटी छाबडा, एनआईसीसी की निदेशक ने दी। प्रश्नोत्तर पर भी हुए। कुछ साहित्य भी वितरण किया गया।

***ग्रामीण महिला चेतना शिविरः*** यह शिविर 30 सितम्बर को नारायण सेवा संस्थान के हेल्थ वण्डर बडी में आयोजित किया गया। चार गांवो चंदेसरा, टूंस, नान्दवेल व फतहनगर की 50 महिलाएं सम्मिलित हुई। नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से उनकी बस विज्ञान समिति से महिलाओं को ले गई और वही वापस छोडा। महिलाओं एवं साथ जाने वाले सदस्यों को भोजन भी कराया। नारायण सेवा संस्थान का आभार! विज्ञान समिति की ओर से 1100 रु. का चंदा दिया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान समिति से **प्रो.सुशीला अग्रवाल,डॉ.शैल गुप्ता, श्री प्रकाश तातेड, श्रीमती मंजुला शर्मा** साथ थे। हेल्थ वण्डर के स्वास्थ्य संबंधी प्रदर्शनों को श्री प्रकाश जी तातेड ने विस्तार से समझाया। महिलाओं को वहां ट्रेन में भी घुमाया गया। कार्यक्रय बहुत उत्साहवर्द्धक रहा।

***सेवा प्रकोष्ठ सिलाई प्रशिक्षण :*** टूंस डागियान में **श्रीमती हंसा सेन** के प्रेरणा से सामुदायिक भवन अटल सेवा केन्द्र में 25 महिलाओं के लिए एक माह का प्रशिक्षण दिनांक 22 सितम्बर को प्रारंभ हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम में विज्ञान समिति से डॉ.के.एल. कोठारी, श्री सुरेन्द्र भटनागर, प्रो.सुशीला अग्रवाल, श्रीमती मंजुला शर्मा उपस्थित थे। गांव की सरपंच श्रीमती कैलाशदेवी भी

उपस्थित थी। विज्ञान समिति से पांच सिलाई मशीने इस प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध कराई। प्रशिक्षण गांव की ही श्रीमती मंजूदेवी मेघवाल द्वारा दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण हमारे वरिष्ठ सदस्य एवं प्रशासनिक अधिकारी श्री सुरेन्द्र भटनागर के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है।

***महिला समद्धि कोष :*** 5 महिलाओं ने ऋण की किश्तें जमा करवाई।

### स्वास्थ्य सेवाएं

***निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :* विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास,** उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। सितम्बर माह में 8 शिविर हुए जिसमें 105 **रोगियों** की चिकित्सा की गई।

***श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :* विज्ञान समिति, अशोकनगर जैन सोसायटी, अणुव्रत समिति, महावीर इंटरनेशनल, एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद** के संयुक्त तत्वावधान में **सताईसवां शिविर** दिनांक 20 सितम्बर 2015 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ. एल.के.भटनागर एवं डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन, डॉ. दिप्ती बंसल नेत्र रोग विशेषज्ञ अलखा नयन मंदिर, डॉ.पूजा भटनागर व दर्शन डेंटल कॉलेज की टीम, श्री कल्पेश पूर्बिया फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूप्रेशर टीम व डॉ.निवेदिता पटनायक, होम्यापेथिक चिकित्सक** ने अपनी **मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 53 नागरिकों का (07 सामान्य, 6 चर्मरोग, 12 हदय, 15 मधुमेह, 4 दंत) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 6 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी व 3 नागरिकों को होम्योपेथिक चिकित्सा पराम ा दिया गया। आगामी **अठाईसवां शिविर 18 अक्टूबर 2015 रविवार प्रात: 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा।**

### प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ एवं दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

विज्ञान समिति प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ की 31 वीं बैठक दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ के साथ दिनांक 19 सितम्बर को सायं 5 बजे संगोष्ठी के रूप में आयोजित हुई। विषय था सल्लेखना एवं संथारा। जिस पर **डॉ.आई.एल.जैन, डॉ.पी.एम.अग्रवाल, डॉ. प्रेमसमुन जैन, डॉ. डी.एस.बया एवं डॉ.आर.एल.जैन** ने अपने विचार प्रस्तुत किए जो कई संदर्भो के आधार पर थे। यह स्पष्ट किया गया कि आत्महत्या और संथारा दोनो अलग–अलग हैं। जहां आत्महत्या निराशा के वातावरण में होती है अकेले में होती है क्षणिक भावावेश से होती है वही संथारा सार्वजनिक रूप से पूर्ण उत्साह के वातावरण में आत्मशुद्धि के लिए होता है। यह प्रथा प्राचीनकाल से चली आ रही है।

### केलवा प्रोजेक्ट

**श्रद्धा** के 23 वें अंक (सितम्बर) का प्रकाशन हुआ। केलवा, मुम्बई, उदयपुर तथा अन्य स्थानों पर वितरित किया गया। भिक्षु आलोक संस्थान केलवा के विधान पर गहन चर्चा के बाद उसे अंतिम रूप दिया गया।

### अन्य बिन्दु

●प्रस्तावित विज्ञान प्रयोगशाला का प्रस्ताव तैयार कर आवश्यक दस्तावेज के साथ माननीय गृहमंत्री गुलाब जी कटारिया सा. के पास स्वीकृति हेतु उनके निवास पर भेजा गया।

●टूस डागियान के माध्यिक विद्यालय के बच्चों को **प्रो.सुशीला अग्रवाल एवं डॉ.के.एल.कोठारी** ने प्रेरणात्मक उद्बोधन दिए एवं डॉ. दौलतसिंह कोठारी के बारे में जानकारी कराई। प्रश्नों के अच्छे उत्तर देने वाले बच्चों को **डॉ. दौलतसिंह कोठारी** पर विज्ञान समिति द्वारा तैयार की गई पुस्तिका भी दी गई। बच्चें काफी उत्साहित हुए।

● 1 सितम्बर को हमारे पूर्व अध्यक्ष **डॉ.पी.एल.अग्रवाल** की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और यह निर्णय लिया कि स्मृति व्याख्यान अब उनके जन्मदिन 22 अक्टूबर को आयोजित किए जायेंगे। इस वर्ष 22 अक्टूबर को दशहरा होने से यह कार्यक्रम 20 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में **डॉ.पी.एल. अग्रवाल** की पुत्री रेखा जी को ई–मेल द्वारा जानकारी दी। उन्होंने दूरभाष पर कुछ आर्थिक सहयोग की भावना व्यक्त की और बैंक संबंधी जानकारी मंगवाई जो उन्हें भेजी जा रही है।

● 27 सितम्बर को एम.बी.कॉलेज पूर्व छात्र परिषद का वार्षिक कार्यक्रम विज्ञान समिति परिसर में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि **श्रीमान गुलाबचंद जी कटारिया,** गृहमंत्री, राजस्थान सरकार एवं अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति **डॉ.पी. के.दशोरा** ने की।

● विज्ञान छात्रों के लिए प्रयोगशाला निर्माण का प्रस्ताव आदरणीय **श्रीमान् गुलाबचंद जी कटारिया सा**. को स्वीकृति के लिए प्रस्तुत कर दिया गया है।

● सपना साकार पुस्तक का कार्य प्रगति पर है।

● हमारे कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री गजेन्द्र दाहिमा की पुत्री सुश्री दिशा कुमावत कक्षा आठ सेंट मेरीज कॉन्वेंट सीनियर सैंकडरी स्कूल फतहपुरा ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बेडमिंटन प्रतियोगिता(अंडर –14) में डबल्स का खिताब जीता। बधाई।

### सदस्यों संबंधी

●हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य श्रीमान् अखिलेश जी जोशी जो अब तक हिन्दुस्तान जिंक के सी.ई.ओ. थे उनकी पदोन्नति ग्लोबल जिंक बिजनेस प्रेसीडेन्ट के रुप में हुई है। विज्ञान समिति परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

●हमारे सदस्य पूर्व उपाध्यक्ष श्री एल.एन. शाह पूर्व अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा का सम्मान स्थापना दिवस के अवसर पर होना था किन्तु वे स्वास्थ्य की अनुकूलता नहीं होने से नहीं आ सके अतः उनका सम्मान उनके निवास जयपुर में ही डॉ. के.एल. कोठारी द्वारा उनके परिवार के साथ किया गया। इस अवसर पर हमारी सदस्या लीना जैन भी उपस्थित थी।

●हमारे पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **इंजी.आर.के.चतुर** सपत्नी अमेरिका से ढाई माह प्रवास के बाद पुनः उदयपुर लौट आए है, हार्दिक स्वागत!

●हमारे कोषाध्यक्ष **श्री एल.एल.चण्डाल्या** की सुपौत्री सुश्री संजना ने विशाखापट्टनम में दिनांक 5–7 सितम्बर 2015 को आयोजित **नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटीक मीट–2015 (अंडर–16)**

## अनुकरणीय

1. हमारे संरक्षक सदस्य तथा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.के.बी.शर्मा की प्रेरणा से उनकी पुत्रियों ने छात्रों को अवार्ड एवं छात्रवृतियाँ प्रतिवर्ष देने का निर्णय विज्ञान समिति के माध्यम से किया है। विज्ञान समिति ने इसके लिए अपने चयनित विद्यालय घणोली का चयन किया है। इसके अनुसार दसवीं कक्षा की परीक्षा में प्रथम तीन को 2000-2000 रु. का अवार्ड तथा विद्यालय के तीन अभावग्रस्त बच्चों को प्रधानाध्यापक जी की सहमति से 1000-1000 रु. की छात्रवृति दी जायेगी। ये अवार्ड और छात्रवृतियाँ डॉ.के.बी.शर्मा की तीनो पत्नियों ( स्व.श्रीमती योगमाया जी, श्रीमती निर्मला जी व श्रीमती विनोद जी ) की पावन स्मृति में दी जायेगी। इस अवार्ड व छात्रवृति का नाम विनियोग अवार्ड एवं छात्रवृति रखा गया है। प्रशस्ति पत्र एवं कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान समिति की ओर से दिए जायेंगे।

2. हमारे सदस्य श्री अविनाश भटनागर और उनकी सुपुत्री श्रीमती प्राची भटनागर की प्रेरणा से श्रीमती ज्योति भटनागर पत्नी श्री अविनाश भटनागर जो न्यायमूर्ति स्व. कांता जी भटनागर की स्मृति में प्रतिवर्ष एक पुरूषार्थ अवार्ड देने का निश्चय किया है। इस वर्ष का यह पुरस्कार टूस डांगियान की श्रीमती हंसा सेन को समिति के स्थापना दिवस पर दिया गया था जिसकी विस्तृत जानकारी पिछली रिपोर्ट में दी थी।

ऐसे कार्यक्रम महिलाओं और बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

उपर वर्णित प्रेरणादायी सभी मनीषियों का सादर आभार।

**200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल** प्राप्त किया। इसी प्रकार गंगानगर में दिनांक 30 अगस्त 15 को आयोजित **राजस्थान ओपन स्टेट एथेलेटिक चैम्पियनशीप (अंडर – 16) में 200 एवं 400 मीटर दौड़** में **गोल्ड मेडल** प्राप्त किया। बधाई।

•

## जन्मदिन की बधाइयाँ (अक्टूबर-नवम्बर माह)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 5/10 | Sh.Y.S. Kothari | 14/11 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 9/10 | Dr. K.L. Totawat | 2311 |
| Dr. Yogesh Atal | 9/10 | Mrs. Kusum Bhat. | 24/11 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 | Dr. B.L. Baser | 27/11 |
| Dr. K.L. Menaria | 13/10 | Smt. Monika Kothari | 29/11 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 | | |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 | | |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 | | |
| Sh.L.L. Chandalya | 20/10 | | |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 | | |
| Sh. M.S.Surana | 30/10 | | |
| Smt.Leela Surana | 01/11 | | |
| Dr. Shail Gupta | 01/11 | | |
| Dr.B.L.Chawat | 02/11 | | |
| Sh.S. K. Bhatnagar | 04/11 | | |
| Sh.M.K. Bhatnagar | 08/11 | | |
| Sh.H.V.Paliwal | 11/11 | | |
| Prof.Sushila Agarwal | 12/11 | | |

### जन्म दिन मनाया

डॉ.के.बी.शर्मा 5 सितम्बर ( 28 जुलाई ), डॉ.आर.के. चतुर 19 सितम्बर ( 16 सितम्बर ) व इंजी. जे.एस. पोखरना 24 सितम्बर को समिति परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया।





**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**

## विज्ञान समिति केअक्टूम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, ग्रामीण महिलाओं के लिए लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

  एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

  श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार को 18 अक्टूबर 2015 प्रातः 10 से 12
- **नियमित मासिक गतिविधियां**

| | | |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ बैठक | दिनांक 10 अक्टूबर 2015 | प्रातः 11.00 बजे |
| * दर्शन विज्ञान दिवस संगोष्ठी | दिनांक 10 अक्टूबर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 17 अक्टूबर 2015 | सायं 05.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | दिनांक 20 अक्टूबर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | दिनांक 30 अक्टूबर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |

**विशेष कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| * डॉ. पी.एल. अग्रवाल स्मृति व्याख्यान एवं छात्रवृति वितरण | दिनांक 20 अक्टूबर 2015 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * सामयिक चर्चा | प्रत्येक सोमवार को | |

**अपील**

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का तीसरा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**

Quick Print Service # 94147 36608